वृद्धि एवम् विकास क्लिनिक (GROWTH AND DEVELOPMENT CLINIC)

Mercy Health
Care first

इस सूचना पत्र में वृद्धि एवम् विकास क्लिनिक (जी एंड डी) के बारे में जानकारी दी गई है। हम, पात्र बच्चों के लिए एक स्वास्थ्य-जाँच उपलब्ध करवाते हैं, यह टॉडलर तथा प्री-स्कूल न्यूरोडिवेलपमेंटल जाँच होती है।

पात्रता मानदंड

उन बच्चों का जिनका जन्म गर्भधारण के 28 सप्ताह समाप्त होने से पहले हुआ था या जन्म के समय जिनका वज़न 1000 ग्राम से कम था या जिन्हें उस समय मर्सी महिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा ईकाई (Neonatal Intensive Care Unit) में विशेषज्ञ देखभाल की ज़रूरत पड़ी थी जब वे वहाँ थे, उनका जी एंड डी (G&D) क्लिनिक में अपने-आप नामांकन हो जाता है । आपके बच्चे के अस्पताल में भर्ती रहते समय या आपको अस्पताल से छूट्टी मिलने के बाद जल्दी ही, हम डाक में एक पत्र भेजकर या ईमेल द्वारा, आपके बच्चे के नामांकन की पुष्टि कर देंगे।

हम क्या करते हैं

हमारे जी एंड डी (G&D) क्लिनिक के बाल-चिकित्सक और फिज़ियोलोजिस्ट्स यह पता लगाने के लिए विशेषज्ञ सेवा पेश करते हैं कि क्या आपके बच्चे का विकास सही ढंग से और पूरी तरह हो रहा है। अगर उसके विकास में किसी तरह का कोई विलंब नज़र आता है, तो हम आपके क्षेत्र की अर्ली इंटरवेन्शन सेवाओं के लिए यथोचित रेफरल दे देंगे। हमारी यह सेवा आपके किसी भी अन्य बाह्य रोगी अपोइंटमेंट के अतिरिक्त प्रदान की जाती है।

अर्ली इंटरवेंशन का अर्थ उन सेवाओं और कार्यक्रमों से है जो आपके बच्चे के सर्वश्रेष्ठ संभव विकास में सहायता कर सकते हैं। फिज़ियोथैरेपी, आकुपेशनल थैरेपी, स्पीच पैथोलोजी, बाल्य-अवस्था शिक्षण, मनोविज्ञान और आहार विशेषज्ञ, ये सभी अर्ली इंटरवेंशन सेवाओं के उदाहरण हैं।

शोध अध्ययनों में पता चला है कि अर्ली इंटरवेंशन सेवाओं और कार्यक्रमों का बच्चों के दिमाग़ के विकास और शारीरिक संचलन कौशल पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है जो उनके विद्यालय शिक्षा से पहले के वर्षों तक बरकरार रहता है। यह भी पता चला है कि अर्ली इंटरवेंशन सहायता से उन बच्चों के माता-पिता और देखभाल कर्ताओं पर भी दबाव कम पड़ता है जिनको विकास संबंधी सहायता की ज़रूरत होती है।

इस सेवा के लिए किसी भी भुगतान के पैसे आपको अपनी जेब से नहीं देने पड़ेंगे। आपके पारिवारिक डॉक्टर के दिए रेफरल से, हम Medicare की क़ीमतों का 100% बल्क बिल करते हैं, इससे हर बार जाँच के लिए आपको एक हज़ार डॉलर्स तक की बचत होती है! जब हम आपके बच्चे का अपोइंटमेंट तय करने के लिए आपको फ़ोन करेंगे तो हम आपको अपने पारिवारिक डॉक्टर से रेफरल लेने के लिए भी याद दिला देंगे।

जाँचें

- **टॉडलर स्वास्थ्य जाँच,** 2-3 साल की करेक्टेड आयु पर (करेक्टेड आयु, आपके बच्चे की अपेक्षित जन्म तारीख़ के आधार पर होती है, जिस तारीख़ को उसका जन्म हुआ उस तारीख़ के आधार पर नहीं)
- **स्कूली शिक्षा-पूर्व जाँच**, 4 1/2 से 6 साल की आयु पर

एक बाल-चिकित्सक द्वारा आपके बच्चे की जाँच की जाएगी और आपके बच्चे के स्वास्थ्य और सकुशलता के बारे में आपसे कुछ प्रश्न पूछे जाएँगे। वह शारीरिक परीक्षण भी करेंगे।

आप हमारे मनोवैज्ञानिक से भी मिलेंगे जो कुछ मज़ेदार खेलों के माध्यम से आपके बच्चे की सोचने, समझने, बोलने, मूवमेंट और कोर्डिनेशन की जाँच करेंगे।

अपने बच्चे की जाँच के लिए अपने पास 3 घंटे का समय रखें। इसमें ज़रुरत के आधार पर कुछ अवकाश (ब्रेक्स) भी दिए जा सकते हैं। कृपया अपने बच्चे के लिए खाने-पीने का सामान अपने साथ लाएँ। कृपया अपने बच्चे की 'My Health, Learning and Development' पुस्तक (हरे रंग की पुस्तक) और मेडिकल या एलाइड हैल्थ रिपोर्टों की प्रतियाँ अपने साथ लाएँ।

भावनात्मक सहयोग

बच्चे के परिवार वालों को, अपने बच्चे की जी एंड डी (G&D) जाँच के लिए वापस अस्पताल जाने के बारे में चिंता या व्याकुलता होना एक सामान्य बात है। यदि इस अपोइंटमेंट के बारे में आपको चिंता या व्याकुलता महसूस हो रही है, तो यह मालूम करने के लिए कृपया जी एंड डी (G&D) शोध नर्सों को 8548 4127 पर फ़ोन करें कि कौनसी सहायता का विकल्प आपके लिए बेहतर रहेगा।

पेरिनेटल एंग्ज़ायटी एंड डिप्रेशन ऑस्ट्रेलिया (PANDA) की एक राष्ट्रीय सहायता लाइन है जहाँ आपको बात करने के लिए एक सपोर्टिव डॉक्टर का पता लगाने में सहायता मिल सकती है। वे सपोर्टिव काउंसलिग भी पेश करते हैं और अन्य सहायता विकल्पों जैसे कि प्लेग्रुप्स या सपोर्ट ग्रुप्स के बारे में भी आपसे चर्चा कर सकते हैं। आप उन्हें अपने लिए या ऐसे किसी अन्य व्यक्ति के लिए भी फ़ोन कर सकते हैं जिनके बारे में आप चिंतित है।

पीएएनडीए (PANDA) संपर्क विवरण:

- राष्ट्रीय सहायता लाइन: 1300 726 306
- ईमेल: info@panda.org.au
- वेबसाइट: panda.org.au

टेलिफ़ोन काउंसलिंग और जानकारी

- लाइफलाईन: 13 11 14
- पेरेंटलाइन: 13 22 89
- रिलेशणशिप्स ऑस्ट्रेलिया (विक्टोरिया) 1300 364 277
- मेन्सलाइन ऑस्ट्रेलिया 1300 789 978
- बियोंडब्लू सूचना लाइन: 1300 22 4636

यह दस्तावेज केवल सामान्य जानकारी प्रदान करता है और इसका उद्देश्य योग्यता-प्राप्त व्यवसायी द्वारा आपको दी गई स्वास्थ्य के बारे में सलाह को प्रतिस्थापित करना नहीं है। यदि आप अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं, तो आपको योग्यता-प्राप्त प्रोफ़ेशनल से सलाह लेनी चाहिए।

- लाइफ्स लिटिल ट्रैशर्स सहायता लाइन: 1300 697 736 - अपेक्षित समय से पहले जन्मे बच्चों के माता-पिता के लिए सहायता

और अधिक जानकारी के लिए

यदि आप कोई और बात पूछना चाहते हैं या आपको आगे और सलाह की ज़रूरत है, तो कृपया हमें फ़ोन करें:

- सोमवार से गुरुवार
- सवेरे 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक

विभाग: वृद्धि एवम् विकास क्लिनिक (Growth and Development Clinic)

फ़ोन: (03) 8458 4750

ईमेल: GDTeam@mercy.com.au